TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org

2024

# Teachers of Bihar

*The change makers*

# दिवस ज्ञान

**शशिधर उज्जवल**

S a t u r d a y

## 04 मई

1. **कोयला मजदूर दिवस–** विश्व में कोयला के खदानों में कार्य कर रहे कोयला मजदूरों के सम्मान में प्रति वर्ष 4 मई को यह दिवस मनाया जाता है। कोयला के खदानों में कार्य करना काफी जोखिम भरा होता है। 19वीं शताब्दी तक कोयला का खनन परंम्परागत औजारों से किया जाता था। इसमें बड़े पैमाने पर बाल–मजदूरों का इस्तेमाल किया जाता था क्योंकि लम्बे व्यक्तियों को तंग सुरंगों में जाने–आने तथा कार्य करने में परेशानियां होती थी। औद्योगिक क्रांति के दौरान बड़े पैमाने पर कोयला का उपयोग उद्योग के लिए ईंधन के रूप में होता था। 1880 में कटिंग मशीन के अविष्कार के बाद कोयला के खनन में और तेजी आयी।
   - **संदर्भ:** बच्चों को वर्ग आठ की भूगोल की पाठ्यपुस्तक **'हमारी दुनिया भाग–3' के अध्याय 1(घ) ऊर्जा संसाधन** से जोड़कर कर सकते हैं।

2. **भागलपुर जिला स्थापना दिवस–** भागलपुर जिला की स्थापना 4 मई, 1773ई. को किया गया था। इसके प्रथम कलक्टर जेम्स बर्टन थे। भागलपुर पर कभी अंग राजवंश का शासन हुआ करता था, जिसके राजा कर्ण थे। भागलपुर जिले में 3 अनुमंडल और 16 प्रखण्ड है। रेशम, जर्दालु आम और कतरनी चावल के उत्पादन के लिए भागलपुर जिला मशहुर है। प्राचीन विक्रमशिला विश्वविद्यालय भी इसी जिले में अवस्थित है।
   - **बच्चों को क्या बतायें?** बच्चों को बिहार के मानचित्र पर भागलपुर जिले की अवस्थिति दिखायें। जिले की चौहद्दी, प्रमुख मेले तथा पर्यटक स्थलों के बारे में बतायें।
   - **संदर्भ: अतीत से वर्तमान भाग 3, अध्याय 10** से जोड़ें।

3. **अंतर्राष्ट्रीय अग्निशमन दिवस–** वर्ष 1999 से प्रतिवर्ष 4 मई को अंतर्राष्ट्रीय अग्निशमन दिवस के रूप में मनाया जाता हैं यह दिवस अग्निशमन कर्मियों के साहस और उनके कार्य को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है। 2 दिसम्बर, 1998 को ऑस्ट्रेलिया के बुशफायर में दु:खद परिस्थितियों में पाँच अग्निशमन कर्मियों के मौत के बाद यह दिवस की शुरूआत की गई थी। इस दिन को चुनने की मुख्य वजह संत फ्लोरिन हैं। संत फ्लोरिन की मृत्यु 4 मई को हुई थी, जो कि एक संत और फायर फाइटर थे। ऐसा कहा जाता है कि एक बार उनके गाँव में आग लग गई थी तो उन्होंने महज एक बाल्टी पानी से पूरे गाँव की आग बुझा दी थी। इसके बाद यूरोप में हर साल 4 मई को फायर फाइटर डे मनाया जाने लगा। इस दिन यूरोप में दोपहर के समय 30 सेकेण्ड तक फायर ब्रिगेड के सायरन बजाये जाते हैं। इसके बाद एक मिनट का मौन रखा जाता है जिसमें फायर फायटरों को सम्मान और धन्यवाद दिया जाता है।

# Teachers of Bihar

The change makers

# दिवस विशेष

4 मई

## मधु प्रिया

# भागलपुर स्थापना दिवस 4 मई




भागलपुर के स्थापना दिवस को लेकर काफी शोध किया गया। पश्चिम बंगाल के अभिलेखागार में मौजूद दस्तावेज से जानकारी मिली कि चार मई 1773 को यह जिला बना। भागलपुर बिहार प्रान्त का एक शहर है। गंगा के तट पर बसा यह एक अत्यंत प्राचीन शहर है। पुराणों में और महाभारत में इस क्षेत्र को अंग प्रदेश का हिस्सा माना गया है। भागलपुर के निकट स्थित चम्पानगर महान पराक्रमी शूरवीर कर्ण की राजधानी मानी जाती रही है। यह बिहार के मैदानी क्षेत्र का आखिरी सिरा और झारखंड और बिहार के कैमूर की पहाड़ी का मिलन स्थल है। भागलपुर सिल्क के व्यापार के लिये विश्वविख्यात रहा है, तसर सिल्क का उत्पादन अभी भी यहां के कई परिवारों के रोजी रोटी का श्रोत है। यहाँ एक हवाई अड्डा भी है जो अभी चालू नहीं है। यहाँ का निकटतम हवाई अड्डा गया और पटना है। रेल और सड़क मार्ग से भी यह शहर अच्छी तरह जुड़ा है।आज, भागलपुर अपने रेशम के लिए सबसे अधिक जाना जाता है, इसके अलावा इसके मकबरे और मंदिर भी देखे जा सकते हैं । गंगा नदी के तट पर स्थित, कुप्पा घाट महर्षि मेही परमहंस के आश्रम के लिए सबसे प्रसिद्ध है, संत मत के प्रमुख प्रतिपादकों में से एक, एक आध्यात्मिक आंदोलन जिसकी उत्पत्ति 13 वीं शताब्दी में हुई थी। भागलपुर घूमने आएं तो यहां के मशहूर बालूशाही और मुरही मसाले का स्वाद चखना बिल्कुल भी न भूलें। जिसे खाने के लिए लोगों की भारी भीड़ लगती है। रामलीला, दुर्गापूजा और शरतचंद ने तो भागलपुर को मशहूर बनाया ही है लेकिन एक और चीज़ है जिसकी खासियत दूर दराज के लोगों को अपनी ओर आकर्षित करती है वो है यहां का जायका।

Your paragraph text
/teachersofbihar

# जयंती विशेष 04 मई

राकेश कुमार



भारत की पहली महिला न्यायाधीश
कानूनी क्षेत्र में भारतीय महिलाओं की आदर्श

## अन्ना चांडी जी

की जयंती पर शत्-शत् नमन।

**अन्ना चांडी** Anna Chandy, जन्म- 4 मई, 1905, त्रावणकोर; मृत्यु- 20 जुलाई, 1966, केरल) भारत की पहली महिला न्यायाधीश थीं। वे सन 1937 में एक ज़िला अदालत में भारत में पहली महिला न्यायाधीश बनी थीं। अन्ना चांडी भारत में पहली महिला न्यायाधीश तो थीं ही, शायद दुनिया में उच्च न्यायालय के न्यायधीश के पद (1959) तक पहुँचने वाली वे दूसरी महिला थीं।

Teachers of Bihar

The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश


आज का शब्द 04.05.2024

## स्कूल में बेंचमार्क

बेंचमार्क का उपयोग वर्ष के अंत के लक्ष्यों की दिशा में प्रगति का आकलन करने के लिए किया जाता है। अकादमिक बेंचमार्क उन आकलनों को संदर्भित करते हैं जो छात्रों को संस्थान के मानकों और सीखने के लक्ष्यों के अनुसार मापते हैं । बेंचमार्किंग शिक्षकों को छात्रों की ताकत और कमजोरियों की पहचान करने की अनुमति देती है, जो फिर उनके भविष्य के निर्देश को सूचित कर सकती है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar



**हैदराबाद** को 2 जून के बाद **केंद्र शासित प्रदेश** घोषित कर दिया जाएगा। पीछले **10 सालों** से हैदराबाद **आंध्रप्रदेश** और **तेलंगाना** का संयुक्त राजधानी था।

## क्रिकेट



# ICC मेंस टेस्ट टीम रैंकिंग

| रैंक | टीम | रेटिंग पॉइंट | रैंक | टीम | रेटिंग पॉइंट |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ऑस्ट्रेलिया | 124 | 7 | श्रीलंका | 83 |
| 2 | भारत | 120 | 8 | वेस्टइंडीज | 82 |
| 3 | इंग्लैंड | 105 | 9 | बांग्लादेश | 53 |
| 4 | द. अफ्रीका | 103 | 10 | जिम्बाब्वे | 23 |
| 5 | न्यूजीलैंड | 96 | 11 | आयरलैंड | 15 |
| 6 | पाकिस्तान | 89 | 12 | अफगानिस्तान | 0 |

# मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम

## (सुरक्षित शनिवार)

Rakesh Kumar
Middle School Balua Maner (Patna)

## माह: मई

| | |
|---|---|
| **प्रथम शनिवार**<br>दिनांक **04.05.2024** | **विद्यालय आपदा प्रबंधन योजना का सूत्रण** |
| **द्वितीय शनिवार**<br>दिनांक **11.05.2024** | **विद्यालय आपदा प्रबंधन योजना का सूत्रण** |
| **तृतीय शनिवार**<br>दिनांक **18.05.2024** | **वज्रपात ( ठनका ) एवं चक्रवाती तूफान / आँधी से खतरे एवं इसके उपाय के बारे में जानकारी** |
| **चतुर्थ शनिवार**<br>दिनांक **25.05.2024** | **अगलगी, लू से खतरे एवं बचाव के सन्दर्भ में जानकारी** |










**बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण**

www.teachersofbihar.org


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
QUIZ TIME
Today's Quiz
Quiz Number 375
जयपुर के पास आमेर का किला किस पहाड़ी पर बना हैं ?
A. कालीखोह पहाड़ी
B. भीम बेटिका पहाड़ी
C. डोंगरगढ़ पहाड़ी
D. छोटनागपुर पहाड़ी
www.teachersofbihar.org
सही उत्तर: A

# TOB बूझो तो जानें..



392

पानी से निकला पेड़ एक, पात नहीं पर डाल अनेक , इस पेड़ की ठंडी छाया, बैठ के नीचे उसको पाया, बताओ क्या .... बुझो तो जानें ?




www.teachersofbihar.org

संजय कुमार


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
4 मई
अंतर्राष्ट्रीय अग्निशमन दिवस
समाज की सुरक्षा के लिए
पूर्ण कर्तव्यनिष्ठा से कार्य करने
वाले समस्त अग्निशमन कर्मियों
को वंदन एवं शुभकामनाएँ।
अंतर्राष्ट्रीय अग्निशमन
दिवस
Madhu priya
/teachersofbihar

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

# भागलपुर स्थापना दिवस

## 4 मई




**समस्त जिलेवासियों को स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।**

Madhu priya

भारत की प्रथम महिला
न्यायाधीश

# अन्ना चांडी

जी की जयंती पर शत्-शत् नमन।

जन्म-4 मई 1905 , मृत्यु- 20 जुलाई 1966



TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

www.teachersofbihar.org

मधु प्रिया

**04 मई 2024**

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

अनुशासन और एकता ही किसी

देश की ताकत होती है।

**लाल बहादुर शास्त्री**



राकेश कुमार